तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 10.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 नपाध्यक्ष ने अपना मार्केट के दुकानदारों की सुनी ...



12 नाचा संगीत, अभिनय और सामाजिक व्यंग्य का...



## खबर संक्षेप

### चाचा ने की मारपीट

**महासमुंद।** भतीजे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नोवीचंद निवासी काकेनचुवा ने बताया कि 03 जनवरी की रात करीब 10 बजे नीलांबर दीवान के परछी में गांव के लोगों के साथ बैठ कर बातचीत कर रहा था, उसी समय उसके चाचा मुरली प्रसाद दीवान ने आकर डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बिरकोनी में चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**महासमुंद।** बिरकोनी चंडी मंदिर गेट के पास चाकू लहराकर डराने धमकाने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चंडी मंदिर गेट के सामने बिरकोनी में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना नाम-पता बिरकोनी निवासी सुभाष ध्रुव (21) बताया। पुलिस ने आरोपी से एक लंबा धारदार चाकू बरामद किया ।

### दामाद को खाना खाने बुलाने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** छेरछेरा के मौके पर दामाद को खाना खाने बुलाने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी प्रेमसागर चौहान निवासी ग्राम इंदरपुर 03 जनवरी की रात्रि करीबन 8 बजे मेरे बड़े भाई हेमसागर के दामाद राजेश पटेल को छेरछेरा त्योहार के चलते खाने पर बुलाने अपने साथी राकेश व मनोज के साथ मोटर सायकल से गया था। जब उसने राजेश को खाना खाने चलने कहा तब राजेश पटेल के पिता बालकराम पटेल व मोतीराम पटेल के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मोतीलाल ने अपने हाथ में रखे डंडे से उसके सिर में मार दिया व जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आर्थिक सहायता मंजूर

**महासमुंद।** प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग, आबकारी एवं श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के एक जरूरतमंद के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें बसना विखं अंतर्गत ग्राम बिरसिंगपाली के निवासी बोधेश्वर पटेल के लिए राशि स्वीकृत किया गया है। संबंधित को स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए बैंक पास बुक, आधार कार्ड एवं स्वयं की दो फोटो अपने संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के पास अविलंब प्रस्तुत करना होगा।

# मूल्यांकन पैटर्न में बदलाव, सालभर के प्रदर्शन से बनेगा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस शैक्षणिक सत्र से कक्षा पहली से नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों के परीक्षा परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है। अब छात्रों की अंतिम मेरिट केवल वार्षिक परीक्षा के अंकों पर आधारित नहीं होगी, बल्कि इसमें साल भर होने वाली तिमाही और छमाही परीक्षाओं के अंकों को भी अनिवार्य रूप से जोड़े जाएंगे। इस नए नियम का उद्देश्य छात्रों में केवल परीक्षा के समय पढ़ने की प्रवृत्ति को खत्म कर साल भर पढ़ाई के प्रति गंभीरता बनाए रखना है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, मूल्यांकन की नई प्रणाली को अलग-अलग स्तरों पर विभाजित किया गया है जिसमें प्राथमिक स्तर पहली से चौथी कक्षा, इन कक्षाओं के नन्हे विद्यार्थियों के रिजल्ट में अब तिमाही और छमाही परीक्षाओं की अहम भूमिका होगी। कुल परिणाम में तिमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत और छमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत अंक जोड़े जाएंगे। शेष अंक वार्षिक परीक्षा के आधार पर दिए जाएंगे। कक्षा पांचवीं और आठवीं के लिए छमाही परीक्षा के महत्व को बढ़ाया गया है। इनके वार्षिक रिजल्ट में छमाही परीक्षा का 30 प्रतिशत वेटेज शामिल रहेगा। हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी 9वीं और 11वीं कक्षा इन कक्षाओं में भी अब तिमाही और छमाही के प्रदर्शन को वार्षिक परिणाम में स्थान दिया जाएगा, ताकि छात्र मुख्य बोर्ड परीक्षा 10वीं-12वीं के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। जिला शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक बड़ा प्रयोग है एवं 23 हजार से अधिक छात्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं।

## बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे 23 हजार परीक्षार्थी, शिक्षा विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, 23 हजार होंगें शामिल

जहां एक ओर छोटी कक्षाओं के मूल्यांकन में बदलाव हुआ है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में भी जुट गया है। इस वर्ष जिले से बोर्ड परीक्षा में 10वीं हाई स्कूल 12,855 विद्यार्थी एवं 12वीं हायर सेकेंडरी 10,570 विद्यार्थी शामिल होने वाले होने हैं। कुल परीक्षार्थी की संख्या 23,425 विद्यार्थी हैं। इन परीक्षार्थियों की सुविधा और निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए पूरे जिले में 115 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विभाग का स्पष्ट कहना है कि फिलहाल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनका परिणाम पूर्व की भांति बोर्ड के नियमों के अनुसार ही आएगा।




### तिमाही-छमाही परीक्षा को नजरअंदाज करना पड़ेगा भारी

इसे सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की दिशा में एक सही कदम बताया गया है। हालांकि, अभिभावकों का यह भी मानना है कि इसके लिए स्कूलों में समय पर पाठ्यक्रम पूरा होना और नियमित टेस्ट होना अनिवार्य है। निचली कक्षाओं के हजारों छात्रों के लिए हर दिन और हर परीक्षा महत्वपूर्ण होने वाला है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सभी स्कूलों को इस नए वेटेज सिस्टम के बारे में सूचित कर दिया गया है और शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों को इसके लाभ समझाएं ताकि वे छमाही और तिमाही परीक्षाओं को हल्के में न लें।

## नशापान: नए साल के शुरुआत में ही 12 करोड़ से ज्यादा की शराब बिके

# नववर्ष का उत्साह, दो दिनों में ही गटक गए 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




जिले के मदिरा प्रेमियों के लिए नए साल का जश्न कुछ अलग ही रहा। जिले में नए साल के आगमन और विदाई के जश्न में शराब की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, साल के शुरुआती कुछ दिनों में ही जिले के लोग 12 करोड़ 2 लाख रुपये की शराब पी गए हैं। वहीं, केवल 31 दिसंबर और 1 जनवरी यानी दो दिनों में जिले में 4 करोड़ 32 लाख रुपये की शराब बिकी है। जिले में शराब की खपत ने इस बार पिछले कई रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। यह आंकड़ा चौंकाने वाला इसलिए है क्योंकि सामान्य दिनों की तुलना में यह बिक्री कई गुना अधिक रही। लोग अंग्रेजी और देशी, दोनों ही तरह की मदिरा का आनंद लेते दिखे, हालांकि प्रीमियम ब्रांड्स की मांग इस दौरान काफी बढ़ी रही। जिले में हुई इस रिकॉर्ड बिक्री का एक बड़ा हिस्सा सरकार के खजाने में राजस्व के रूप में जाएगा। लेकिन समाज के एक वर्ग में इस भारी-भरकम आंकड़े को लेकर चिंता भी है।

कई लोगों का मानना है कि मनोरंजन और जश्न के नाम पर इतनी बड़ी राशि का शराब पर खर्च होना मध्यम और निम्नवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति पर असर डालता है। जिले में साल की शुरुआत में हुई यह बिक्री दिखाती है कि त्योहारों और विशेष मौकों पर शराब की खपत तेजी से बढ़ती है। विभाग के लिए यह राजस्व का जरिया है, लेकिन आम जनता के लिए यह सेहत और जेब दोनों पर भारी पड़ता है। जिले में 12 करोड़ की शराब का आंकड़ा यह साबित करता है कि यहां मदिरा प्रेमियों की कमी नहीं है।

### जनवरी के शुरुआती दिनों में 12 करोड़ पार

सिर्फ दो दिन ही नहीं, बल्कि जनवरी के शुरुआती सप्ताह में जिले में जश्न थमा नहीं है। जिले में अब तक कुल 12 करोड़ 2 लाख रुपये की शराब बेची जा चुकी है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक, सरकारी शराब दुकानों के बाहर लोगों का हुजूम बना रहा हैं। जिला, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सिरपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों के लिए जाना जाता है, वहां इस दौरान पर्यटकों की भीड़ भी बढ़ी देखने को मिली, जिसका असर शराब की बिक्री पर भी पड़ा।

### आबकारी विभाग की मुस्तैदी

भारी मांग और भीड़ को देखते हुए आबकारी विभाग ने पहले से ही तैयारी कर ली थी। जिले की सभी 80 से अधिक शराब दुकानों पर स्टॉक की कमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राजस्व के लिहाज से यह साल की सबसे बड़ी बढ़त है। हालांकि, इस दौरान अवैध शराब की बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए विभाग ने विशेष टीमें भी गठित किए गये रहे हैं।

# ऑटो में बैठे दो लोगों से 13 लाख का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऑटो में बैठे दो व्यक्तियों से सिंघोड़ा पुलिस ने 13 लाख रुपए 26 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 5 जनवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक ऑटो में ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की। जहां कुछ समय बाद एक ऑटो क्रमांक सीजी 04 टी 8913 आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। जिन्हें रोककर पूछताछ करने अपने-अपने नाम मुर्शिद खान पिता बसीर खान (45 साल) वर्तमान पता मकान नंबर 590 जलेबी दुकान केके रोड बड़ी मस्जिद मौहदापारा रायपुर स्थाई पता मुटनी थाना बिबांर जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सागर पिता परसुराम साड़वे उम्र 28 साल साकिन आदेवली मौना कॉलोनी आरएस टेकरी सिद्धार्थ स्कूल के बगल में थाना आमदेवली जिला थाणे महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। ऑटो वाहन के पीछे में रखे दो बोरियो के सामान के बारे में पूछताछ करने पर गोलमोल जबाव देने लगे। कड़ाई से पूछने पर दोनों बोरियों के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताए। जिसे सोनपुर ओडिशा से रायपुर ले जाना बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 26 किलोग्राम गांजा कीमत 13 लाख रुपए के अलावा ऑटो कीमत 80000 रुपए, मोबाइल कुल कीमत 13,96,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** बसना से बिलाईगढ़ रोड में ग्राम गोडमर्रा के पास कार की टक्कर से स्कूटी में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम ताला निवासी नितिन प्रधान 3 जनवरी को अपने दोस्त समीर बारिक के साथ अपने दोस्त की स्कूटी डेस्टनी क्रमांक सीजी 23 एल 6785 से घरेलू कार्य से पिरदा गया था। पिरदा से वापस अपने ग्राम ताला आ रहा था। रात करीबन09-30 बजे बसना से बिलाईगढ रोड ग्राम गोडमर्रा के पास पहुंचाने पर स्कूटी को मारूति स्विफ्ट क्रमांक सीजी 06 जीजेड 9597 के चालक द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर नितिन प्रधान की स्कूटी को टक्कर मार दिया, जिससे नितिन प्रधान के सिर,चेहरे व दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी तथा समीर बारिक के चेहरे में चोंट लगा था। जिन्हें उपचार हेतु डायल 112 से सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने नितिन प्रधान को मृत हो जाना बताया। वहीं समीर बारिक को इलाज हेतु रेफर करने पर प्राइवेट अस्पताल बसना में भर्ती कराया गया।

# दलहन, तिलहन, मक्का एवं फूलों की खेती अपनाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं जिले के फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की बैठक ली। सीईओ नंदनवार ने बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीईओ नंदनवार ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन मक्का की खेती को ज्यादा से ज्यादा कृषकों को करने की सलाह देने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया। रागी की खेती को भी बढावा देने एवं कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, समय पर कृषकों को बीज एवं खाद उपलब्ध हो सकें, इस हेतु भी व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए।

उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने उद्यानिकी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर फूलों की खेती व्यापक रूप से की जाती है उन स्थानों पर इसे बढ़ावा दिया जाये एवं फूलों के खेती के रकबा को एक वर्ष में दोगुना किया जाएं। ग्राफ्टेड बैंगन की उत्पादकता बढाने के लिए प्रयास किया जाए। इसके लिए मनरेगा में प्रस्ताव बना कर भेजने के निर्देश सहायक संचालक उद्यानिकी को दिया गया। उन्होंने जिले की नर्सरी की रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश भी दिए। फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी की समीक्षा में उन्होने एफपीओ को निर्देशित किया कि सभी किसानों तक जाकर अपनी गतिविधियों से कृषकों को अवगत कराएं एवं भविष्य में ज्यादा से ज्यादा लाभ कृषकों को प्रदान किया जाएं। बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक उद्यानिकी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं जिले के सभी एफपीओ उपस्थित थे।

- जिपं सीईओ ने कृषि, उद्यानिकी विभाग एवं जिले के फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की बैठक ली

# महासमुंद-तुमगांव सड़क निर्माण में घोर लापरवाही

## टूटी पाइपों से बड़ा हादसा होने का खतरा, धूल से राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला मुख्यालय से तुमगांव जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को शिकायत दर्ज कराते हुए ठेकेदार एम/एस जेडी कंस्ट्रक्शन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, सड़क के बीचों-बीच पानी की निकासी के लिए लगाई गई पाइपें पुरानी, और टूटी-फूटी हैं। भारी वाहनों के दबाव से ये पाइपें कभी भी धंस सकती हैं, जिससे बड़ा सड़क हादसा हो सकता है और यात्रियों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

शिकायत में कहा गया है कि पूरी सड़क घटिया सामग्री से बनाई गई है। पानी निकासी की ये खराब पाइपें निर्माण की निम्न गुणवत्ता की पोल खोल रही हैं। सड़क के बीच में लगी दोनों पाइपें पुरानी और टूटी हुई हैं। भारी वाहनों के चलने से ये कभी भी टूट सकती हैं। शिकायत पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इसके अलावा ठेकेदार पर ग्राम कौंदकेरा के सार्वजनिक तालाब से अनुमति से दोगुना मुरुम की अवैध निकासी, घटिया सामग्री का उपयोग, सड़क की मोटाई-चौड़ाई में मानकों का उल्लंघन और सुरक्षा की अनदेखी के गंभीर आरोप लगे हैं। निर्माण के दौरान न तो किसी तरह के दिशा सूचक बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सड़क पर पानी का छिड़काव हो रहा है। इससे गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालक धूल से पूरी तरह सराबोर हो रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बावजूद प्रशासन और विभाग द्वारा ठेकेदार को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे कोई कार्रवाई नहीं हो रही। संगठन ने पीडब्ल्यूडी से तत्काल जांच, ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई (एफआईआर दर्ज करने सहित), निर्माण कार्य रोकने और तालाब की क्षति की भरपाई की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही को उजागर करता है, जो न केवल सार्वजनिक धन की बर्बादी है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा है।

## 35 दिनों में 87,990 किसानों ने बेचा धान, खरीदी के लिए 18 दिन शेष

# 70 हजार से अधिक किसान नहीं बेच पाए हैं धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन खरीदी की रफ्तार और उठाव की धीमी गति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अब जबकि खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी नजदीक है, जिले में महज 18 कार्यदिवस ही शेष बचे हैं, वहीं अभी भी 70 हजार से अधिक पंजीकृत किसान अपने धान की बिक्री से वंचित हैं।

जानकारी के अनुसार, 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में अब तक कुल 35 कार्यदिवसों में जिले के 1,58,983 पंजीकृत किसानों में से केवल 87,990 किसानों से ही धान की खरीदी हो पाई है। इस दौरान 5,39,556.56 टन धान उपार्जित किया गया है, जो कुल पंजीकृत किसानों का लगभग 55 प्रतिशत है। शनिवार-रविवार, मकर संक्रांति एवं 26 जनवरी जैसे अवकाशों को हटाने के बाद शेष 18 कार्यदिवसों में 70,993 किसानों से धान खरीदी किया जाना है, जो वर्तमान व्यवस्था में बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। ऐसे में किसान इस बात को लेकर आशंकित हैं कि क्या वे तय समय सीमा में अपना धान बेच भी पाएंगे या नहीं।

### उठाव बना सबसे बड़ी समस्या

जो किसान अभी तक समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाएं हैं उन्हें निर्धारित समय पर धान बेचने की चिंता सताने लगी है । वहीं समिति प्रबंधक उपार्जन केंद्रों से धान उठाव को लेकर चिंता में है। अब तक खरीदे गए धान में से केवल 1,28,140.83 टन धान का ही उठाव हो पाया है। कई उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जमा हो चुका है, जिससे भंडारण की भारी समस्या खड़ी हो गई है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि खरीदी तो हर हाल में करनी पड़ेगी, लेकिन यदि समय पर उठाव नहीं हुआ तो अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था करनी पड़ेगी, जिससे समितियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

### लिमिट और समय बढ़ाने की मांग तेज

हालांकि, जिले की धान खरीदी प्रदेश में अग्रणी मानी जा रही है, लेकिन अभी भी लगभग आधे किसान खरीदी से बाहर हैं। इसे देखते हुए किसान द्वारा धान खरीदी की सीमा (लिमिट) बढ़ाने और खरीदी की समय-सीमा आगे बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। किसानों का कहना है कि सरकार को किसान हित में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए, ताकि कोई भी किसान समर्थन मूल्य से वंचित न रहे।

# राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए दो बालिकाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 6 से 10 जनवरी तक रांची (झारखंड) में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए जिले की दो बालिकाओं का चयन हुआ है। खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर, एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग की डोमेश्वरी साहू (कक्षा 11) का रिकर्व राउंड ,दुर्गेश्वरी साहू (कक्षा 9) का कंपाउंड राउंड में अंडर-17 वर्ग के लिए चयन किया गया है।

व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन कोण्डागांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। दोनों खिलाड़ी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रही हैं।

### पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर दिखा चुकी हैं प्रतिभा

डोमेश्वरी साहू इससे पूर्व सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। खिलाड़ियों के चयन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सहायक आयुक्त शिल्पा साय, खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे, एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।



खबर संक्षेप



## राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता चित्तौड़गढ़ के लिए इशा का चयन

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ की होनहार छात्रा खिलाड़ी इशा फातिमा पिता इमरान अली का चयन राष्ट्रीय हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल का आयोजन चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में होगा। उत्कृष्ट खिलाड़ी अपने पिता के प्रोत्साहन द्वारा निरंतर उपलब्धि हासिल कर रही है। खेल भावना से प्रभावित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त करने का लक्ष्य होलीफेथ की बेटी ने साधा है। वो उसे अवश्य ही प्राप्त होगी यही शाला परिवार की कामना है। हैंडबॉल दक्ष इशा फातिमा की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कविता पींचा, किशोर शुक्ला, पीयूष लूनिया, दिलीप बोथरा, नंदनी चतुर्वेदी एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा, खेल प्रभारी जगदीश धीवर, समस्त शिक्षकगण ललिता चंद्राकर, तारा प्रीतपाल सिंग, रुचि साहू, पूजा कामदार, आरती झा ने हर्ष जताया है।

# साहू समाज कौड़िया परिक्षेत्र का शपथ ग्रहण-सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अरंड (पिथौरा)



टिकरापारा (लाखागढ़) में साहू समाज कौड़िया परिक्षेत्र क्रमांक 1 का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम विधायक ने मां कर्मा की पूजा अर्चना की। अतिथियों के आसन ग्रहण करने के बाद छात्रों के द्वारा स्वागत नृत्यगान प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में साहू समाज के समृद्ध इतिहास और परंपरा की तारीफ करते हुए कहा कि संगठित होकर चलने वाला समाज और सर्व समाज को लेकर चलने वाला समाज सतत प्रगति करता है। उन्होंने कौड़िया परिक्षेत्र क्रमांक एक के अध्यक्ष श्याम कुमार साहू के मांग पत्र का अवलोकन कर विश्वास दिलाया कि सामाजिक गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता के लिए शासन स्तर पर आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए मैं सदैव संकल्पित हूँ।

प्रमुख अतिथि की आसंदी से नोहरदास साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा समाज सर्व समाज की जयकारा के साथ वसुधैव कुटुंबकम की भावना को पल्लवित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू ने बच्चों के शैक्षिक प्रगति के लिए परिसर में शिक्षकों द्वारा कैरियर गाइडेंस के कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए पहल की गई। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। प्रमुख अतिथि के रूप में कौड़िया एक के संरक्षक गंगाप्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में बसंत साहू अध्यक्ष कौड़िया क्रमांक 3, श्रीराम साहू भुरकोनी परिक्षेत्र, विशेष अतिथि के रूप में समाज रत्न मंगतू राम साहू, विनोद शंकर साहू संरक्षक, डिगमलाल साहू संरक्षक, दुलीकेशन साहू भाजपा नेता, अतिथि दीर्घा को सुशोभित कर रहे थे। छाया साहू (पिता उत्तम साहू) द्वारा बनाए गए डॉ संपत अग्रवाल का छायाचित्र उन्होंने स्वयं भेंट किया।

कार्यक्रम के संयोजन में उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, नेहरू साहू, सरला साहू, गायत्री साहू, संगठन सचिव विजय शंकर साहू, गायत्री साहू, नीरा साहू, सचिव मूलचंद साहू, कोषाध्यक्ष रेखराज सिंह साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक डोलामणी साहू, सहसंयोजक झनेश साहू, सियाराम साहू, चंद्रहास साहू, डेकेश्वर प्रसाद साहू, नगर अध्यक्ष दिनेश साहू, प्रतिभा साहू, कंचन साहू, संयुक्त सचिव कुमारी बाई साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका नंदिनी साहू, कौशल साहू, उर्मिला साहू, जानकी साहू, रोहित साहू, काशीराम साहू, सुनीता साहू, गंगादास साहू आदि सामाजिकजनों ने सहयोग किया। अन्य समाज से आए अतिथियों में प्रमुख रूप से आशीष शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष पिथौरा, नरेश सिंघल पूर्व मंडल अध्यक्ष, अनूप अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि, रविंदर आजमानी विधायक प्रतिनिधि, संजय श्रीवास्तव, पत्रकार संतोष गुप्ता, मुन्नू पांडे, विधायक कार्यालय प्रभारी सतीश ध्रुव, राजेश चौधरी सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डोलामणी साहू एवं आभार प्रदर्शन मूलचंद साहू ने किया।

इस अवसर पर कौड़िया परिक्षेत्र क्र 1 से समस्त ग्रामीण अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, नगर से अलगराम साहू, लेखराम साहू, भूषण साहू, मन्नूलाल साहू, सीताराम साहू, कौशलकिशोर साहू, संतराम साहू, चंद्रशेखर साहू, माधव साहू, कामता साहू, सहित भारी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री बने जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महासमुंद में संगठनात्मक विस्तार के तहत कर्मचारी कॉलोनी लहरौद निवासी जीवन तांडी को जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान की सहमति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू की अनुशंसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आबिद खान द्वारा की गई।



भाजपा के युवा नेता जीवन तांडी लंबे समय से पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यक्षमता और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर जीवन तांडी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूती देने के साथ जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिला महामंत्री बनाए, जाने पर प्रिंस सलूजा, राजा सलूजा, निशु माटा, स्वप्निल तिवारी, विक्की सलूजा, दुर्गेश सिन्हा, आबिद खान, प्रीतम सूर्या, विजय राज पटेल, आलोक त्रिपाठी एवं दुलीकेशन साहू सहित कई भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।



## बीकेबाहरा की टीम ने जीती कबड्डी स्पर्धा

**महासमुंद।** 10 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए कबड्डी खेल आयोजन बालक दल ग्राम खट्टा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिशा रामस्वरूप दीवान जनपद अध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता राजकमल पटेल सरपंच ग्राम पंचायत खट्टा, ग्रामीण संचालन समिति के सदस्य रामस्वरूप दीवान, कमलेश सेन, गुमान दीवान और अरविंद दीवान एवं अर्जुन दीवान और साथ 28 टीमें उपस्थित थी। जिसमें पहली चार टीम के लिए पुरस्कार रखा गया था। प्रथम स्थान बीकेबाहरा और दूसरा पथर्री और तीसरा स्थान चिरको एवं चौथा स्थान राम खेड़ा ने प्राप्त किया। जनपद अध्यक्ष ने अपने उद्बबोधन में कहा कि खेल खेलने से मानसिक तनाव दूर होता है और शारीरिक विकास होता है।

## दृढ़ संकल्प और शासन की सहायता से दिव्यांग बुधराम की बदली तकदीर

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम लखनपुर निवासी बुधराम साहू 70 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हैं। सीमित संसाधनों और शारीरिक बाधा के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहे। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग बुधराम साहू को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 19 सितंबर 2024 को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। इस ट्रायसायकल से वे अपने आसपास के गांवों में आसानी से आवागमन कर मौसमी साग-सब्जी, मशरूम, इमली चॉकलेट आदि का विक्रय करने लगे, जिससे उनकी दैनिक आय में निरंतर वृद्धि हुई और परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने लगी। इससे पूर्व वर्ष 2011 में समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें मुर्गी पालन व्यवसाय के लिए 95,000 का ऋण उपलब्ध कराया गया था। इस सहायता से उन्होंने मुर्गी पालन का कार्य प्रारंभ किया और पूरी लगन एवं मेहनत से व्यवसाय को आगे बढ़ाया। वर्तमान में वे इस व्यवसाय से प्रति माह लगभग 15,000 की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। बुधराम साहू ने उक्त ऋण की राशि नियत अवधि से पूर्व ब्याज सहित पूर्ण रूप से चुका दी, जिसके फलस्वरूप शासन द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप ब्याज की राशि सब्सिडी के रूप में वापस प्रदान की गई। वर्तमान में वे 40 नग बत्तख एवं 80 नग देशी मुर्गियों का पालन कर रहे हैं। देशी मुर्गियों से प्राप्त अंडों को हैचरी मशीन के माध्यम से चूजों में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में और अधिक वृद्धि हो रही है। शासन द्वारा उनकी मेहनत और सफलता को देखते हुए उन्हें पुनः लाभान्वित किया गया तथा 50,000 का अतिरिक्त ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण राशि से साहू ने बकरी पालन व्यवसाय भी प्रारंभ कर दिया है, जिसे वे मुर्गी पालन के साथ-साथ सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। आज बुधराम साहू मुर्गी पालन एवं बकरी पालन व्यवसाय को बड़े स्तर पर संचालित करते हुए एक सफल एवं आत्मनिर्भर उद्यमी बन चुके हैं।



## स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को नई ऊर्जा के साथ काम करने किया प्रेरित

**सरायपाली।** सरायपाली खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक के निर्देशन में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे द्वारा विकासखंड के सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की बैठक सीएचसी सरायपाली में ली गई। जिसमें सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ स्मार्ट रूप से कार्य संपादित करने , शत प्रतिशत आधार बेस उपस्थिति सुनिश्चित करने, सीएनए सर्वे, छोटी माता केस का रिपोर्टिंग, एनआरसी में बच्चे भेजने, कुष्ठ रोग सर्वे केस का फॉलोअप, बिप्स प्रोग्राम, मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु ऑडिट समय पर करने, पल्स पोलियो अभियान के दौरान टीम द्वारा चिन्हित किए गए एक्स मार्क घरों का विजिट करने, एटीपी के अनुसार दौरा करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में आरएन दुबे, कादिर मोहम्मद, डोलमणी भोई, संकीर्तन बुडेक, सुरेश पटेल, डी फ्रांसिस, निर्मला नागेश, रीता गार्डिया वृंदा चौहान, एम हॉबिल आदि मौजूद रहे।

## शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने बस्तर चित्रकूट एवं माता दंतेश्वरी के किए दर्शन



**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द विकासखंड एवं जिला महासमुंद से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू तथा प्राचार्य भारत साहू के निर्देशन में स्टाफ एवं समिति सदस्यों के सहयोग से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को बस्तर की प्राकृतिक वादियों का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने छत्तीसगढ़ का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकूट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, स्थानीय बाजारों तथा माता दंतेश्वरी मंदिर के दर्शन किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भ्रमण स्थलों के ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों ने स्थानीय परिवेश एवं बस्तर की समृद्ध संस्कृति से परिचित होते हुए प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से ज्ञान अर्जन किया, जिससे उनमें अध्ययन के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा का विकास हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में स्टाफ सदस्य प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी, काजल गुप्ता, मंजूषा साहू तथा समिति सदस्य नंदनी साहू, भीखम साहू, तेजकुमार साहू, नामदेव साहू, संतोष कुमार साहू, तोषकुमार, प्रेमनाथ ध्रुव, टोपराम, दिनेश एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एसआईआर अंतर्गत स्वीप गतिविधियों का आयोजन 25 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

एसआईआर 2026 के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति हेमंत नंदनवार ने निर्धारित स्वीप गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के लिए समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, स्वीप नोडल अधिकारी, एनएसएस, एनसीसी प्रभारी, समस्त प्राचार्य महाविद्यालय, विद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं सभी सचिव व रोजगार सहायक को निर्देशित किया है। निर्धारित स्वीप गतिविधियों का आयोजन 5 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। जिसमें 6 जनवरी एवं 07 जनवरी 2026 को पंचायत स्तर पर नवमतदाता बनाने के लिए शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 18 वर्ष के नवमतदाताओं को प्रेरित करने के लिए हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर पश्चात शत प्रतिशत मतदाता बनाने के लिए शपथ दिलाया जाएगा। इसी प्रकार 10 जनवरी को स्वीप नोड महाविद्यालय, प्राचार्य हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा स्वीप गतिविधि का आयोजन किया जाएगा।

12 जनवरी को युवा मड़ई का आयोजन नगरीय निकाय एवं विकासखंड स्तर पर किया जाएगा। जहां निर्धारित स्थलों पर शामिल 18 वर्ष के युवाओं को फार्म 6 भराकर मतदाता बनने पंजीकृत जाएगा। 13 जनवरी को विकासखंड स्तर पर नववधु सम्मान एवं स्वीप से संबंधित कार्यक्रम रखा जाएगा। जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में नववधुओं को आमंत्रित कर मेंहदी, रंगोली गतिविधियों के आयोजन पश्चात सम्मान एवं शपथ दिलाया जाएगा। इसी तरह 14 जनवरी को तात्कालिक भाषण का आयोजन महाविद्यालय एवं विद्यालयों में किया जाएगा। जिसमें ड्रॉप बॉक्स से मतदान से संबंधित विभिन्न शीर्षकों की पर्चियों को निकालकर उस विषय पर तत्काल व्यक्तव्य दिया जाएगा। 15 जनवरी को जिला स्तरीय मतदाता मित्र सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी 18 आयु वर्ष पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं को फॉर्म 6 भराया जाएगा। सहयोग के लिए एनएसएस, रेडक्रॉस, स्काउट गाइड के स्वयं सेवकों को वोटर पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 16 जनवरी को जिला स्तरीय दिव्यांग मतदाता जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न श्रेणी के 18 आयु वर्ग के दिव्यांगजनों को आमंत्रित कर बाधा रहित मतदान प्रक्रिया की जानकारी देकर दिव्यांगजन को मतदाता बनाने एक दिवसीय अभियान चलाया जाएगा।

इसी तरह 17 जनवरी को प्रत्येक महाविद्यालय एवं विद्यालयों में ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न श्रेणी के 18 आयुवर्ग के युवाओं को आमंत्रित कर मतदाता बनने की प्रक्रिया की जानकारी देकर एक दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। 19 जनवरी को जिला स्तरीय मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महासमुंद चौक से मिनी स्टेडियम तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा बैनर तख्ती के साथ रैली निकालकर जनमानस को शत प्रतिशत मतदाता बनने के लिए संदेश दिया जाएगा। साथ ही विकासखंड मुख्यालय से चिन्हित स्थल पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली जाएगी। इसी तरह विद्यालय स्तर पर विद्यालय व आश्रम में चिन्हित स्थल पर छात्र-छात्राओं का रैली निकाला जाएगा।

मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय स्तर पर 20 जनवरी को, विकासखंड स्तर पर 21 जनवरी एवं जिला स्तर पर 22 जनवरी को किया जाएगा। जिसमें विद्यालय स्तर पर महाविद्यालय, विद्यालय एवं आश्रम में, विकासखंड स्तर पर विकासखंड मुख्यालय से चिन्हित स्थल पर एवं जिला स्तर पर महासमुंद चौक से मिनी स्टेडियम तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर आम जनमानस को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसी प्रकार 23 जनवरी को 23 जनवरी को सभी प्रतियोगिता का परिणाम जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगे। जिसमें विकासखंड स्तर पर संकलन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मान के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाएगा। 24 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारी तथा 25 जनवरी 2026 को समस्त स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर समस्त विजेता प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर मंडल अध्यक्ष बने युनूस

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक विस्तार की दिशा में निरंतर सक्रिय है। इसी कड़ी में पार्टी नेतृत्व द्वारा मोहम्मद युनुश राजवानी को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का शहर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद युनुश राजवानी को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हर्ष जताया है। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन को नई मजबूती मिलेगी और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष मोहम्मद युनुश राजवानी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने एवं समाज को जोड़ने का संकल्प भी व्यक्त किया है।



## जिले को मिली तीन मेडिकल यूनिट वाहन



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले को 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों की सौगात मिली है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डीपीएम नीलू धृतलहरे, तेजस राठौड़, संदीप चंद्राकर, झलेश साहू, सागर ठाकुर, हरिशंकर साहू, विजय, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परमीत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल एवं महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आबिद खान ने नई जिला कार्यकारिणी का ऐलान किया। घोषित कार्यकारिणी में पिथौरा निवासी परमीत सिंह माटा (निशु) को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष परमीत सिंह माटा ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।



नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमशंकर पटेल, जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जिला मंत्री मनीष बंसल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, स्काउट-गाइड संघ अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल एवं रविंदर आजमानी, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा सहित नंदकिशोर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विजय पटेल, विजय नायक, अजय डडसेना, मुन्नू पांडे, दिलीप निषाद, कुलजीत आजमानी, कुलवंत खनूजा, नानू सोनी, विजय गुप्ता, अविंदर सलूजा एवं कलमेश डडसेना आदि ने हर्ष जताया है।

## छग में आम आदमी पार्टी देगी मजबूत विकल्प : भूपेंद्र

**महासमुंद।** महासमुंद जोन की अहम संगठनात्मक बैठक हुई आगामी चुनावों व छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा को लेकर बूथ व विधानसभा स्तर पर रणनीति पर मंथनमहासमुंद। सोमवार को प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर एवं लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व में महासमुंद जोन के अंतर्गत गरियाबंद, महासमुंद एवं धमतरी जिले प्रमुख पदाधिकारियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में विधानसभा स्तर एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए रणनीतिक योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाना एवं जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से आगे ले जाना रहा। बैठक में आगामी 11 जनवरी से प्रारंभ होने वाली छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के विषय में भी विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर रणनीति बनाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने, जनसंपर्क को मजबूत करने तथा यात्रा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार किया गया। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों, पारदर्शिता, ईमानदार राजनीति एवं जनसेवा के अपने मूल सिद्धांतों के साथ जनता के बीच और अधिक सशक्त रूप से पहुंचेगी तथा आगामी चुनावों में एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरेगी। इस महत्वपूर्ण चर्चा में प्रमुख रूप से जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण यादव, प्रदेश सचिव रुद्रसेन सिन्हा, प्रदेश सह सचिव संजय यादव, लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, गरियाबंद जिलाध्यक्ष चमन यादव, धमतरी जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव, संतोष चंद्राकर, शकील खान खिरोद पटेल, मधु यादव, मेघा चंद्राकर, संजय सिन्हा, मोहन साहू, भागवत प्रसाद साहू, हरीश कुमार पटेल, नंदलाल यादव, मुकेश कुमार आदि आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे, आरएमएनटीसीएच संदीप चंद्राकर एवं अनुपम शर्मा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, संसाधनों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं की स्थिति का गहन आकलन किया गया। निरीक्षण टीम ने स्टोर रूम, ऑपरेशन थिएटर, न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर (एनआरसी), ओपीडी तथा ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का विस्तार से निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। मरीजों को समयबद्ध, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह एवं लैब टेक्नीशियन राजकुमार पटेल उपस्थित रहे। टीम ने साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, दवाओं की उपलब्धता तथा सेवाओं के बेहतर समन्वय को प्राथमिकता देते हुए संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## बीकेबाहरा में श्रीमद भागवत कथा आज से



**खल्लारी।** ग्राम बीकेबाहरा (खल्लारी) में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 6 से 11 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। कथा प्रवचनकर्ता पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी होंगे। परायणकर्ता पं. गोपाल प्रसाद तिवारी हैं। प्रथम दिवस 6 जनवरी को कलश यात्रा, गौरी पूजन, गोकर्ण कथा, 7 को वराह अवतार, कपिल अवतार कथा, 8 को सति चरित्र, शिव विवाह, 9 को ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार कथा, 10 को वामन अवतार, राम अवतार, श्रीकृष्ण जन्म उत्सव, 11 को दही लूट, रासलीला, रूखमणी विवाह कथा की प्रस्तुति होगी। वहीं 12 जनवरी को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति, शोभायात्रा के बाद महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में आयोजक मंडल ने ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**



## शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला महासमुंद अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्रकार, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, नंद किशोर सिन्हा, बंशी लाल सिन्हा, रविंदर नायक, डीपी पांडे, माया राम साहू, अरविंद साहू, लक्ष्मीचंद, हरीश चंद्राकर मौजूद रहे। इस दौरान युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि शहीद स्मारक के आसपास जगह पर साफ सफाई किया गया और भारत देश में शहीद हुए हैं। शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों के आहूति देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की सीमाओं पर देश की सुरक्षा करने वाले हमारे बहादुर जवानों पर हम सब देशवासियों को गर्व है। भारतीय सैनिक देश और देशवासियों की सुरक्षा एवं बलिदान के लिए समर्पित भाव से सदैव तत्पर रहता है।

# आचरण में धर्म जागृत कीजिए, मन-मंदिर में स्वयं प्रकट होंगे भगवान : पं. त्रिभुवन

कुलिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म की कथा पर श्रद्धालुओं ने मनाया उत्सव



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

कुलिया गांव के शिव मंदिर परिसर में चल रहे मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन व्यास पीठ से भागवताचार्य पं. त्रिभुवन महाराज ने भगवान के दशावतार और कृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण और विचारोत्तेजक वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने शास्त्र, दर्शन और वर्तमान परिस्थितियों को जोड़ते हुए बताया कि भगवान का अवतार किसी ऐतिहासिक घटना तक सीमित नहीं है, वह मानव जीवन और समाज के संतुलन से सीधा जुड़ा हुआ है। संत कवि पवन दीवान के कृपापात्र शिष्य पं. त्रिभुवन महाराज ने कहा कि धरती रूपी यह शरीर जब पापकर्मों से बोझिल हो जाता है। जब अहंकार, लोभ, हिंसा, अधर्म और असंयम बढ़ने लगते हैं। तब उनका समन करने के लिए भगवान मन रूपी मंदिर में विभिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। यही दशावतार की मूल अवधारणा है। प्रत्येक अवतार मानव को यह संदेश देता है कि जब-जब धर्म कमजोर पड़ता है, तब-तब ईश्वर स्वयं व्यवस्था को संतुलित करने आते हैं। उन्होंने दशावतार की कथा को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि मत्स्य से लेकर कल्कि तक हर अवतार किसी न किसी विकृति, असंतुलन और अधर्म के नाश का प्रतीक है। जैसे-जैसे मनुष्य की प्रवृत्तियां बदलती हैं, वैसे-वैसे ईश्वर के स्वरूप भी बदलते हैं। इसके पश्चात व्यास पीठ से कृष्ण जन्म की कथा का मार्मिक और उल्लासपूर्ण वर्णन हुआ। पं. त्रिभुवन महाराज ने बताया कि आकाशवाणी के माध्यम से कंस को यह संकेत मिल चुका था कि अधर्म की पराकाष्ठा का अंत निश्चित है। कारागार, पहरे, हथकड़ी और अंधकार उस समय के सामाजिक भय, अन्याय और दमन के प्रतीक हैं। ऐसे वातावरण में कृष्ण का जन्म यह दर्शाता है कि ईश्वर सबसे पहले भय फिर अधर्म को तोड़ते हैं। कथा के दौरान पं. त्रिभुवन महाराज ने श्रीमद्भागवत के गर्भ संकर्षण प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि बलदाऊ (बलराम) और योगमाया के जन्म की जो कथा शास्त्रों में वर्णित है,उसी सिद्धांत का आधुनिक विज्ञान ने अध्ययन और शोध के माध्यम से टेस्ट ट्यूब बेबी के रूप में आविष्कार किया है। उन्होंने कहा कि यह भ्रम है कि विज्ञान और धर्म अलग-अलग हैं। वास्तव में सनातन धर्म के वेद, उपनिषद और पुराण आज के अनेक वैज्ञानिक आविष्कारों की जननी हैं। विज्ञान आज जिन तथ्यों को खोज रहा है, वे हमारे शास्त्रों में पहले से ही सांकेतिक रूप में मौजूद हैं।

कृष्ण जन्म की कथा के दौरान कुलिया गांव में उत्सव का माहौल बन गया। जैसे ही व्यास पीठ से उद्घोष हुआ, श्रद्धालुओं ने जयकारों, भजन-कीर्तन और तालियों के साथ जन्मोत्सव मनाया। पूरा कथा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया और श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलन कर बालकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया। पं.त्रिभुवन महाराज ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम कृष्ण को मंदिरों और मूर्तियों तक सीमित न रखें, उनके विचारों को अपने आचरण में उतारें। सत्य के साथ खड़े रहना, अन्याय का विरोध करना, कर्म करते हुए आसक्ति से मुक्त रहना ही सच्ची कृष्ण भक्ति है।

# जैन प्रीमियर लीग के अंतर्गत महासमुंद में क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-1 का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

- शहर के मिनी स्टेडियम में स्पर्धा की शुरुआत, 9 को फाइनल

सकल जैन श्रीसंघ महासमुंद के तत्वावधान में आयोजित जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) महासमुंद-सीजन 1 का शुभारंभ 3 जनवरी 2026 को मिनी स्टेडियम में अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। इस आयोजन के मुख्य प्रयोजक संकल्प ट्रेडर्स हैं। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जैन संघ के अध्यक्ष राजेश लुनिया, वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष रमेश सांखला तथा दिगंबर जैन संघ के अध्यक्ष राकेश जैन थे। इस शुभारंभ कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, लायंस क्लब एवं राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, समाज के वरिष्ठ राजमल कोटड़िया, कांतिलाल कोचर, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री बसंत लूनिया, देवीचंद लूनिया, जितेंद्र बैद, महेंद्र लूनिया, मनोज मालू, संतोष कोटड़िया, सुशील बोथरा, हेमंत झाबक, नीरज कोचर, प्रदीप झाबक, प्रसन्न जैन, धर्मेंद्र महोबिया, नरोत्तम लाल सोनी, पंकज चंद्राकर, आनंद साहू, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर, संदीप घोष सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जैन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि समाज में एकता, भाईचारा, अनुशासन एवं युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आयोजन समिति एवं मुख्य प्रायोजक संकल्प ट्रेडर्स की सराहना करते हुए इस आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जैन प्रीमियर लीग आयोजन समिति के सदस्य रितेश गोलछा, मुकेश चौरडिया, प्रशांत चोपड़ा, सुमित कोचर, तन्मय लूनिया, सौरभ मालू एवं श्रेयांश कोटड़िया की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। जैन प्रीमियर लीग महासमुंद में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं। जिनमें महासमुंद रनर्स, टू आईज स्ट्राइकर्स, डीएल 11, राइजिंग स्टार्स, हेलो बचपन एवं महानदी 11 शामिल हैं। उद्घाटन मुकाबले के साथ ही दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और मिनी स्टेडियम तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन कुशल चोपड़ा ने किया।

जैन प्रीमियर लीग समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि यह आयोजन 9 जनवरी तक होगा। 9 जनवरी को रात्रि 7:30 बजे इस आयोजन का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस आयोजन में महिलाओं एवं बालिकाओं के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे वे भी सुरक्षित एवं उत्साहपूर्वक इस खेल महोत्सव का आनंद ले सकें। आयोजन समिति ने शहर के समस्त नागरिकों, समाजजनों एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं। यह टूर्नामेंट 3 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सायं 7:30 बजे से रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं।

# विधायक ने अंसुला में किया भूमिपूजन, ग्रामीणों को दी विकास कार्य की सौगात

## विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने ग्राम अंशुला में किया मंदिर व रंगमंच का भूमिपूजन

**सांकरा।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंशुला स्थित जोंक नदी के तट पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आधुनिक रंगमंच एवं धर्मशाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन के सबसे संतोषजनक दिनों में से एक है। विधायक डॉ अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि इन कार्यों का सीधा लाभ ग्राम अंशुला सहित पूरी बसना विधानसभा को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि जोंक नदी का यह तट आने वाले समय में जिले के प्रमुख



धार्मिक पर्यटन स्थलों में गिना जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा उषा धृतलहरे, जनपद सदस्य पिथौरा पुरुषोत्तम धृतलहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चंद्र अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि कामेश बंजारा, मंडल महामंत्री सांकरा मनोज बारिक, महामंत्री खेमचंद अग्रवाल, महामंत्री झाड़ूराम परमार, कमलेश साहू, राकेश साहू, बृजलाल चौहान, बरसाती लाल डड़सेना, सतपती साहू, मोहनलाल डड़सेना, पदुम साहू, रविशंकर सबर, बाबूलाल वैष्णव, बलीराम नागेश, शिवशंकर साहू, देवकुमार विशाल, जयंत साहू, क्षेत्र के नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### 2026 की शुरुआत आराध्य देवियों के पूजन से हुई: अंकित

महासमुंद। कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने 2026 की शुरुआत मां खल्लारी मंदिर, मां चंडी मंदिर, बागबाहरा स्थित दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आदि देवालयों में पूजा अर्चना से की। अंकित ने कहा कि उन्होंनें क्षेत्रवासियों की खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ प्रमुख पूज्य स्थलों का दर्शन पूजन कर की है।



### आज बागबाहरा आएंगे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

नर्रा। जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप का आगमन 6 जनवरी को बागबाहरा में होने जा रहा है। जहां कुछ देर रेस्ट हाऊस में विश्राम करेंगे। उनके आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान में बैंकिंग कार्य व्यवहार की जानकारी लेने के पश्चात ओडिशा सीमा से सटे प्राथमिक कृषि साख सहकारी परसुली धान संग्रहण केंद्र में धान खरीदी की जायजा लेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनपद सदस्य एवं प्राधिकृत अध्यक्ष परसुली लोचन पटेल ने क्षेत्र के कृषकों ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### लभराखुर्द स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जनपद महासमुंद के सीईओ बीएस मंडावी ने अपने पुत्र प्रियांशु मंडावी के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में न्योता भोज किया।

### शाकंभरी देवी की पूजा में शामिल होंगे लोचन



नर्रा। नागपुर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा एवं यज्ञीय विधि विधान से पूजा अर्चना एवं कथा प्रवचन के लिए लोचन पटेल संस्थापक एवं संयोजक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय यह है कि छत्तीसगढ़ मरार समाज के निवासरत विभिन्न क्षेत्रों में मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना कर मरार समाज को संगठित करने वाले लोचन पटेल ने विगत 30 वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न ग्रामों एवं शहरों में मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना कर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है।

# विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन से बढ़ेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ नए कानून में ग्रामीण परिवार को अब साल में 125 दिन काम देने की गारंटी

विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 के संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह कानून सिर्फ ग्रामीणों को मजदूरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे गांवों में काम के साथ-साथ स्थायी संपत्तियां बनेगी, खेती को मजबूती मिलेगी और लंबे समय में ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी। पहले से ज्यादा दिन का कार्य मिलेगा। आगे कहा कि फिर भी विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पहुंचे और विकास हो यह बात विपक्ष को अच्छा नहीं लग रहा है। पूरी सत्यता को जाने बिना ही उन्हें केवल विरोध करना है। कांग्रेस विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के खिलाफ भ्रम फैला रही है। कांग्रेस पूरे देश में इसका विरोध करते हुए इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों को मिलने वाले लाभ उन तक पहुंचने नहीं देना चाहते हैं। जबकि, पहले मनरेगा के तहत मिलने वाले सुविधाओं में और विस्तार किया गया है। पहले मनरेगा के तहत 100 दिनों का रोजगार दिया जाता था। अब 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। इससे ग्रामीण कामगारों को अधिक दिनों तक काम मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। यह उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है जो पूरी तरह से मजदूरी पर निर्भर हैं। दूसरे अहम बदलाव के तहत इस योजना को आजीविका मिशन से जोड़ा गया है। इससे स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसका सीधा लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा और रोजगार का दायरा व्यापक होगा।



### ग्रामीण परिवारों को मिलेगी आर्थिक मजबूती

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि नए कानून में हर ग्रामीण परिवार को अब साल में 125 दिन काम देने की गारंटी होगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे गांवों में रहने वाले परिवारों को ज्यादा काम मिलेगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। इस योजना के खर्च को केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर वहन करेंगी। सामान्य राज्यों में खर्च का बंटवारा 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य के बीच होगा। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों, पहाड़ी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों-जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार 90 प्रतिशत खर्च उठाएगी।

### लोककल्याणकारी योजनाओं से मिल रहा लाभ

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अनेक लोककल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। किसान, मजदूर, युवा सभी वर्गों के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को आवास योजना के तहत अपना घर मिल रहा है। रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

## एसआईआर : सरायपाली में कलेक्टर शामिल हुए सुनवाई में

# 14 फरवरी तक होगी सुनवाई एवं दस्तावेजों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 की प्रक्रिया निरंतर जारी है। राज्य की प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को कर दिया गया है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में समय सारणी अनुरूप एसआईआर का कार्य संचालित किया जा रहा है। उन्होंने विकासखंड सरायपाली में प्राप्त दावा आपत्तियों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम अनुपमा आनंद, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार कृष्णधर पंडा मौजूद थे।



उल्लेखनीय है कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात दावा एवं आपत्ति की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में ऐसे मतदाता, जिनका एसआईआर की गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना पत्र में वर्ष 2003 की एसआईआर मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है (अनमैप्ड) अथवा अंतर पाया गया है, उनके संबंध में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ( ईआरओ) द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस प्राप्त होने पर संबंधित मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ/ एईआरओ के समक्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य निर्धारित 13 दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियमानुसार सुनवाई तथा प्रस्तुत दस्तावेज का परीक्षण कर ईआरओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने या ना जोड़ने का निर्णय लिया जाएगा।

### जिले में नोमैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 23 हजार

महासमुंद जिले में नोमैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 23 हजार है, जिसमें से ईआरओ/एईआरओ द्वारा 05 जनवरी 2026 तक जिले में कुल 22 हजार 986 मतदाताओं के लिए नोटिस जनरेट किए जा चुके हैं। नोटिस जारी होने वाले सभी मतदाताओं को निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अनिवार्य रूप से सुनवाई के लिए उपस्थित होना होगा। इसी क्रम में इस अवधि में ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना गणना पत्र नहीं भरा था या किसी अन्य कारणों से उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं आ पाया हो, वे अपना नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए घोषणा पत्र सहित प्रपत्र 6 में अपना आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरण में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए घोषणा पत्र सहित प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किसी नाम के सम्बंध में आपत्ति प्रस्तुत करने या नाम विलोपन हेतु घोषणा पत्र सहित प्रपत्र 7 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ/एईआरओ द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 14 फरवरी 2026 तक सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र पाए गए दावों एवं आपत्तियों का विधिवत निर्णयन करते हुए 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# नपाध्यक्ष ने अपना मार्केट के दुकानदारों की सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर भ्रमण के दौरान शहर के अपना मार्केट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यवसायियों ने सफाई व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं से नपाध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष साहू ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। नालों की सफाई, सीसी रोड निर्माण और पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए लगातार कार्य जारी है। अध्यक्ष ने कर्मचारियों को जनता से संवाद बनाए रखने और समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष के जनसंपर्क अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की सक्रियता से नगर में विकास कार्यों की गति तेज हुई है। अध्यक्ष साहू ने दोहराया कि जनसेवा ही उनका संकल्प है, और नगर की हर गली तक विकास पहुंचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने सभी नागरिकों से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, अशोक लूनिया, रामचंद्र धीवर, नारायण नामदेव, अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। भ्रमण में अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों को नगर के विकास और जनसुविधाओं के लिए हरसंभव कदम उठाने का भरोसा दिलाया।



### सीएचसी सराईपाली में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

महासमुंद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 37 मरीजों में 7 साइकोसिस, 6 डिप्रेशन, 4 एंजाइटी, 5 बाईपोलर डिसऑर्डर, 2 आईडीडी, 5 ऐल्कोहॉल विथड्रॉल, 3 इंसोमिया, 5 अन्य मानसिक बीमारी से ग्रसित मिले। सभी को निःशुल्क दवाई के साथ साईकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ कुणाल नायक बीएमओ, शीतल सिंह बीपीएम, प्रदीप कुमार साहू आरएमए एवं मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे आदि मौजूद रहे।

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार : विनोद

## कोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर शुरू नहीं हो पाई भर्ती प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ मोदी की गारंटी पूरी तरह फेल हो चुकी है। सरकार के वादाखिलाफी के चलते प्रदेश के गरीब, मजदूर, किसान से लेकर शिक्षित बेरोजगार युवा निराश तथा आक्रोशित हैं। बेरोजगारों युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। सरकार युवाओं के लिए नई भर्तियां नहीं निकाल पा रही है। साथ ही पहले से रिक्त पदों पर भी भर्ती को लेकर संवेदनशील नहीं है। कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार 2300 सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दे रही है। जिससे डीएड अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।



चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर 100 दिन के भीतर 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। इसके अलावा तत्कालीन शिक्षा मंत्री व वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। जिसमें व्याख्याता के 2524 पद, शिक्षक 8194 पद और सहायक शिक्षक के 22 हजार 341 पद शामिल हैं। अग्रवाल के उक्त घोषणा पर साय सरकार ने अब तक कोई विचार नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट का आदेश के बाद सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में 2621 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों को हटाकर प्रयोगशाला में समायोजित किया गया था। इन रिक्त पदों पर डीएड/डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति देना था। लेकिन, कोर्ट के आदेश पर भी अब तक सरकार ने अमल करना उचित नहीं समझा। जो सरकार के मनानीपूर्ण व तानाशाही को दर्शाता है।

अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थियों द्वारा विगत 24 दिसंबर से धरना दिया जा रहा है। कड़ाके के ठंड में बेरोजगार युवा न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार की ओर से अब तक उनसे चर्चा के लिए ना ही कोई अधिकारी पहुंचा और ना ही सरकार के मंत्री। विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में प्रदेशभर में 57000 शिक्षकों की भर्ती किए जाने का उल्लेख था। जिस पर प्रशिक्षित बेरोजगारों ने भरोसा किया था। लेकिन, सरकार बनते ही भाजपा ने उनकी मांगों को दरकिनार कर दिया है। आज स्थिति यह है कि पिछले कई दिनों से अपनी मांगों लेकर अनशन में बैठे डीएड/ डीएलएड अभ्यर्थियों के पास उनकी मांगों व समस्याओं को सुनने अभी तक सरकार की तरफ से कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं पहुंचा। बेरोजगार युवा आयु सीमा को लेकर चिंतित हैं। साल दर साल उम्र बढ़ने से वे पात्रता से बाहर हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के युवा सरकार के तानाशाही रवैये से हताश व आक्रोशित हैं।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखंड दीप प्रज्ज्वलन एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष पर गायत्री परिवार ट्रस्ट महासमुंद द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत ग्राम सिरपुर के कमार डेरा प्राथमिक शाला में अध्ययनरत कक्षा पहली से तीसरी तक के 30 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए।

कार्यक्रम में वार्ड पंच एवं शाला की शिक्षिका कावेरी वैष्णव की उपस्थिति रही। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन ललित कुमार मेश्राम द्वारा गायत्री मिशन तथा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला गया। वहीं हीरालाल साहू द्वारा नवयुग का संविधान का वाचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कावेरी वैष्णव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बच्चों को कुल 30 नग स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं आत्मविश्वास की झलक स्पष्ट दिखाई दी। इस अवसर पर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अच्छे संस्कार अपनाने एवं नशा न करने का संकल्प भी दिलाई गई। कार्यक्रम में पंच सोनबती कमार की भी उपस्थिति रही।

इसी क्रम में प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल पासीद में भी स्वेटर वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राथमिक शाला के प्रधानाचार्य संतोष साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बोधराम साहू द्वारा गायत्री परिवार द्वारा संचालित सप्त आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच बसंत रौतिया, पंचगण, महिला मंडल की सदस्याएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। टांडी द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए गायत्री शक्तिपीठ द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस सेवा कार्य में रिखी राम साहू, जगमोहन साहू एवं नीला राम ठाकुर का विशेष योगदान रहा।



## नाचा संगीत, अभिनय और सामाजिक व्यंग्य का मिश्रण: तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मोरधा में मड़ई-मेला एवं रात्रिकालीन नाचा कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाचा छत्तीसगढ़ की एक प्रसिद्ध लोक नाट्यकला है, जो संगीत, अभिनय और सामाजिक व्यंग्य का मिश्रण है। यह राज्य की संस्कृति का अभिन्न अंग है। जिसमें 'बठे साज़ नाचा सबसे लोकप्रिय है और इसमें पुरुष ही महिलाओं की भूमिका निभाते हैं। यह मड़ई-मेला और अन्य त्योहारों में मनोरंजन का प्रमुख साधन है, जो सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता भी फैलाता है। इस दौरान ग्राम सरपंच चपेश्वरी हेमंत साहू, ईश्वर साहू, लोकेश साहू, महेंद्र साहू, मुकेश साहू, रूपेश साहू, विनोद साहू, टुकेश, सुरेश साहू आदि मौजूद रहे।

# ब्रेल लिपि के आविष्कारक का मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज लुई ब्रेल जिन्होंने दृष्टिहीन लोगों के लिए पढ़ने-लिखने की क्रांतिकारी प्रणाली विकसित की, जिसे आज ब्रेल लिपि के नाम से पूरी दुनिया जानती है। लुई ब्रेल 5 वर्ष की आयु तक पूरी तरह नेत्रहीन हो गए। यह दुर्घटना उनके जीवन का सबसे दुखद मोड़ थी, लेकिन यही घटना बाद में उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि का कारण बनी। शिक्षा और प्रेरणा परिवार ने उनकी शिक्षा का पूरा ध्यान रखा। वे गांव के स्कूल में बैठकर सुनकर पढ़ाई करते थे।

10 वर्ष की आयु में उन्हें स्कॉलरशिप मिली मात्र 15 वर्ष की आयु में (1824 में) लुई ने 6 बिंदुओं वाली कोशिका (सेल) आधारित प्रणाली विकसित की। प्रत्येक अक्षर, संख्या, विराम चिह्न या संगीत चिन्ह को 2×3 की ग्रिड में 6 बिंदुओं के विभिन्न संयोजनों से दर्शाया जाता है (कुल 64 संभावित संयोजन)। इसी दिन अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा के पास स्थित फार्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जा कर अपने परिवार की ओर से भोजन की व्यवस्था के लिए अनाज व सब्जियां दान की। अंकित ने बताया कि ये विद्यालय विगत 12 सालों से अनवरत सेवा दे रहा है। आज वहां लगभग 60 नेत्रहीन बच्चे अध्ययन कर रहे हैं, जिसमें से 3 अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी है, जो कि 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर पैरा एथलेटिक में पदक जीत चुके हैं। जिसमें सुखदेव केंवट ने 800 और 1500 मीटर एशियन यूथ पैरागाम 2025 दुबई में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। अंकित ने कहा कि अंग्रेजी नववर्ष 2026 की इससे अच्छी शुरुआत नहीं हो सकती है। और ब्रेल लिपि के जनक के जन्मदिवस पर ऐसा कर पाने से वो स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अंकित ने कहा कि आज मैं एक ऐसे व्यक्ति को याद करता हूँ, जिसने अंधेरे में रहते हुए भी दूसरों के लिए रोशनी बनाई।






